# अत्यधिक खराब मौसम

जलवायु परिवर्तन अत्यधिक खराब मौसम की घटनाओं को और खराब और बार-बार आने वाला बना सकता है, जिससे चोट लगने, बीमार होने का और संपत्ति को नुकसान पहुंच सकता है। अत्यधिक खराब मौसम बिजली, मलप्रवाह संबंधी उपयोगिताओं, पानी की आपूर्तियों और सड़क मार्गों जैसे अत्यधिक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा सकता है। जनरेटर, दहन हीटर और खाना पकाने के उपकरणों के अनुचित इस्तेमाल के कारण बिजली की आपूर्ति में रुकावट पैदा करने वाला अत्यधिक खराब मौसम होने के बाद कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता की घटनाएँ होना आम बात है।

अत्यधिक खराब मौसम भौतिक खतरों और मलबे का कारण भी बन सकता है। तेज हवाओं के चलने से पेड़ और टेलीफोन के खंभे गिर सकते हैं, उड़ने वाला मलबा और तूफ़ान आने के दौरान बिजली की लाइनें गिर सकती हैं, जिनके कारण चोट लग सकती है या करंट लग सकता है। बाढ़ के पानी और बाढ़ वाले सड़क मार्गों पर पड़ा मलबा भी चोटों और मोटर वाहन की दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है।

**कौन इसके बढ़े हुए जोखिम पर होता है?**

कुछ लोगों को अत्यधिक खराब मौसम होने के दौरान अधिक जोखिम हो सकता है क्योंकि वे जहाँ रहते हैं, आधिकारिक सरकारी जानकारी तक उनकी पहुंच, तैयार रहने और प्रतिक्रिया करने के लिए संसाधनों की उपलब्धता, और क्या उन्हें पहले से ही कोई स्वास्थ्य समस्याएँ हैं, इन पर निर्भर करता है। इनमें शामिल हैं:

- 5 साल से कम उम्र के बच्चे और 65 साल से अधिक उम्र के लोग
- जो लोग अकेले रहते हैं
- गर्भवती महिलाएँ
- सीमित गतिशीलता वाले लोग
- ऐसे चिकित्सा उपकरण का इस्तेमाल करने वाले लोग जिसे बिजली की आवश्यकता होती है या ऐसी दवाएँ जिन्हें ठंडा रखे जाने के लिए फ्रिज़ की आवश्यकता होती है
- उपयोगिता कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारी
- बचाव कर्मचारी
- जो लोग बहुत कम या बिल्कुल भी अंग्रेजी नहीं बोलते हैं, जिन्हें हो सकता है कि अपनी मूल भाषा में आपातकालीन संदेश प्राप्त न हों
- चिरकालिक चिकित्सा स्थितियों वाले लोग जिन्हें लगातार देखभाल की आवश्यकता होती है

- कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग

**हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं?**

- तूफ़ानों के लिए एक योजना बनाएँ
- एक आपातकालीन किट बनाएँ
- अपने बाढ़ और पानी भरने वाले क्षेत्रों के बारे में जानें
- निकासी की योजना तैयार रखें और जानें कि आप मदद के लिए किससे संपर्क कर सकते हैं
- अपने घर में कार्बन मोनोऑक्साइड और स्मोक डिटेक्टर लगाएँ और नियमित रूप से उनकी जांच करते रहें
- अगर आप जनरेटर का इस्तेमाल करते हैं तो पहले से योजना बनाएँ - इसे घर से कम से कम 20 फीट की दूरी पर लगाएँ
- गैस भट्टी और ड्रायर वेंट और अपनी कार की टेलपाइप से बर्फ और/या मलबा साफ़ करें
- घर से निकल जाएँ और 911 पर कॉल करें अगर आपको या आपके परिवार को कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता के ये लक्षण हैं:
    - चक्कर आना या नींद आना, मतली होना या सांस लेने में तकलीफ होना
- बिजली चले जाने के लिए योजना बनाएँ:
    - क्या आपको चिकित्सा उपकरण या दवाओं के लिए बिजली की आवश्यकता है
    - किसी मित्र या पड़ोसी द्वारा वैलनेस (ठीक-ठाक होने) चेक-इन की व्यवस्था करें